सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-378

28/08/2017

बिहार विधानसभा के कई सदस्यों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान

पटना, 28 अगस्त 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर बिहार विधानसभा कई सदस्यों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान का चेक सौंपा। इस क्रम में हथुआ के विधायक श्री रामसेवक सिंह ने एक लाख रूपये, सुलतानगंज के विधायक श्री सुबोध राय ने एक लाख रूपये, बाल्मीकिनगर के विधायक श्री रिंकू सिंह ने 51 हजार रूपये तथा जीरादेई के विधायक श्री रमेश सिंह कुशवाहा ने 51 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******